प्रतिवेदन

कार्यक्रम – जिला स्तरीय कबड्डी महिला प्रतियोगिता महापल्ली

आयोजक – **क्रीड़ा विभाग**

दिनांक – **04 / 10 / 2018**

दिनांक 4 अक्टूबर 2018 को बटमूल आश्रम साल्हेओना स्थित महाविद्यालय (महापल्ली) में जिला स्तरीय महिला कबड्डी का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया से डॉ0 रमेश टण्डन के व्यवस्थापन व सतीश बंजारे के प्रशिक्षण में तारावती राठिया (कप्तान), दिव्यावती राठिया, सीता राठिया, कुसुम राठिया, आराधना राठिया, सरस्वती राठिया, डिगेश्वरी राठिया, माधुरी राठिया, ज्योति सारथी व सुनीता राठिया की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अंतिम मैच में जगह बनाते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। पाँचवें मैच के रूप में खरसिया ने उत्तम मेमोरियल महाविद्यालय रायगढ़ को 25 अंकों से हराकर सेमिफायनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमिफायनल मैच खेलते हुए पुनः एमजी खरसिया ने अग्रणी महाविद्यालय केजी रायगढ़ को 9 अंको से पराजित किया। अंततः अंतिम मैच के रूप में तमनार के साथ रोमांचक पारी खेलते हुए खरसिया को निर्णायकों व खेल अधिकारियों ने उपविजेता का खिताब प्रदान कर सम्मानित किया। खरसिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे, डॉ0 पी एल पटेल, प्रो0 सरला जोगी, प्रो0 एस के इजारदार सहित समस्त प्राध्यापकों, आशीष राठौर, शशिकला खरे, रविशंकर, अजय सिदार, अधीक्षिका सपना पाटले, रंजना टोण्डे, रूकमणी राठिया, शकुन्तला सतनामी, गुंजन गबेल आदि ने इन छात्रा खिलाड़ियों को बधाइयाँ दी।

विदित हो कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 12 महाविद्यालय ने सहभागिता की। ऐसे में कई मैच कड़े मुकाबले के भी रहे। दर्शकों ने अंतिम क्षण तक तालियों की गड़गड़ाहट से छात्रा खिलाड़ियों को उत्साहवर्द्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान आयोजक महाविद्यालय महापल्ली के प्राचार्य डॉ0 पटेल, मुख्य अतिथि के जी रायगढ़ के प्राचार्य डॉ0 टाण्डेकर, क्रीड़ाधिकारी तापस चटर्जी, डॉ0 प्रदीप कापड़ी, डॉ0 रमेश टण्डन, कमल सिन्हा, डॉ0 सी एस पटेल, प्रो0 एस पी दर्शन, सौदागर चौहान, प्रो0 श्रीबच्छ भोय, प्रो0 डी सी पटेल, संतोष आत्मपूज्य सहित अनेक खेल प्रशिक्षकों व खेल अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल के दौरान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्राओं का चयन भी किया गया जिसमें खरसिया से तारावती, दिव्यावती व सीता शामिल हैं।